**डॉ0 एन0 सरवण कुमार, भा0प्र0से0, सचिव, कृषि विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–13.01.2020 को भोजपुर जिला में दिनांक–19.01.2020 को निर्धारित मानव श्रृंखला, 2020 की तैयारियों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की टिप्पणी :–**

उपस्थिति :–यथापंजी।

दिनांक–19.01.2020 को निर्धारित मानव श्रृंखला निर्माण की तैयारी संबंधी समीक्षा अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक–13.01.2020 को अपराह्न 03:30 बजे जिला पदाधिकारी, भोजपुर के कार्यालय कक्ष में की गयी। इस बैठक में जिला पदाधिकारी, भोजपुर/उप विकास आयुक्त/अपर समाहर्त्ता/जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला परिवहन पदाधिकारी/जिला कृषि पदाधिकारी/जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई0सी0डी0एस0/जिला पदाधिकारी के विशेष कार्य पदाधिकारी/जीविका के जिला प्रबंधक, अनुमंडल पदाधिकारीगण एवं अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारीगण भौतिक रूप से उपस्थित थे। साथ ही जिले के विभिन्न प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी/बाल विकास परियोजना पदाधिकारी/मनरेगा के प्रोग्राम पदाधिकारी/प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारीगण विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिये।

(1) जिला पदाधिकारी, भोजपुर एवं उप विकास आयुक्त, भोजपुर के द्वारा विस्तृत रूप से मानव श्रृंखला की तैयारी के संबंध में बताया गया। जिले में कुल 420 किलोमीटर की श्रृंखला की दूरी होगी, जिसमें मुख्य मार्ग के रूप में 160 किलोमीटर एवं उपमार्ग के रूप में 260 किलोमीटर होगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वार्ड में कम से कम 100 व्यक्तियों की श्रृंखला होगी। इस प्रकार कुल 11,51,400 व्यक्तिगण के भाग लेने की योजना है।

(2) समीक्षा के क्रम में तरारी, जगदीशपुर, पीरो एवं बिहिया प्रखण्ड के प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ तैयारी से संबंधित विस्तृत समीक्षा की गयी।

(3) जिले में मानव श्रृंखला निर्माण हेतु बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान का कार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त मानव श्रृंखला के समय विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा एवं एम्बुलेंस व्यवस्था भी की गयी है।

(4) अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्पष्ट किया गया कि सरकार के निर्देश के आलोक में वर्ग–IV एवं उसके नीचे वर्ग के छात्र–छात्राओं को मानव श्रृंखला में शामिल नहीं किया जाये। ऐसे छोटे बच्चे अपने ही विद्यालय में श्रृंखला बनाकर भाग ले सकते हैं।

(5) इसी तरह आँगनबाड़ी केन्द्र के लाभार्थी भी मानव श्रृंखला में शामिल नहीं होंगे। वे भी अपने इच्छानुसार आँगनबाड़ी केन्द्र में ही रहकर श्रृंखला तैयार कर सकते हैं।

(6) अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षोपरांत निम्न निर्देश दिये गये :–

(i) सभी सरकारी पदाधिकारीगण मानव श्रृंखला के दल नायक एवं नायक का चयन ध्यानपूर्वक कर प्रनिनियुक्ति किया जाए।

(ii) प्रत्येक दल नायक के द्वारा किसी क्षेत्र के लोगों को प्रेरित कर मानव श्रृंखला में भाग लेने के लिए कार्रवाई किया जायेगा। इस संबंध में पूर्व से ही समीक्षा कर आश्वस्त होने की आवश्यकता है।

(iii) पदाधिकारी/ कर्मियों की प्रतिनियुक्ति एवं भाग लेने वाले आम जनता से संबंधित तैयारियाँ Microplan के अनुसार ससमय पूर्ण करने की आवश्यकता है।

उपस्थित सभी पदाधिकारियों को मानव श्रृंखला के निर्माण कार्य को सफलतापूर्वक कराने हेतु अभी से ही लगातार अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(एन0 सरवण कुमार)
सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–............................/स0को0, दिनांकः–..............................

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, भोजपुर/उप विकास आयुक्त/अपर समाहर्त्ता/जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला परिवहन पदाधिकारी/जिला कृषि पदाधिकारी/जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई0सी0डी0एस0/जिला पदाधिकारी के विशेष कार्य पदाधिकारी/जीविका के जिला प्रबंधक, अनुमंडल पदाधिकारीगण/सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/ सभी अंचल अधिकारी/ सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी/सभी मनरेगा के प्रोग्राम पदाधिकारी/सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारीगण, भोजपुर/आई॰टी॰ प्रबंधक, कृषि विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

O/C

उपस्थित सभी पदाधिकारियों को मानव श्रृंखला के निर्माण कार्य को सफलतापूर्वक कराने हेतु अभी से ही लगातार अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

ह०/–
(एन0 सरवण कुमार)
सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–.....11...... /स0को0, दिनांकः–...15/01/2020...

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, भोजपुर/उप विकास आयुक्त/अपर समाहर्त्ता/जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला परिवहन पदाधिकारी/जिला कृषि पदाधिकारी/जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई0सी0डी0एस0/जिला पदाधिकारी के विशेष कार्य पदाधिकारी/जीविका के जिला प्रबंधक, अनुमंडल पदाधिकारीगण/सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/ सभी अंचल अधिकारी/ सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी/सभी मनरेगा के प्रोग्राम पदाधिकारी/सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारीगण, भोजपुर/आई॰टी॰ प्रबंधक, कृषि विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।